दिनांक 22.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

(निगम आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने मार्च 2019 तक सभी 10 उच्च स्तरीय लगा निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश अधीक्षण अभियंता श्री सत्येंद्र सिंह को दिए)

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी ने अमृत मिशन योजना के अंतर्गत निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन 10 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य , 66 एमएलडी एवं 6 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के कार्य प्रगति की जानकारी सह नोडल अधिकारी अधीक्षण अभियंता (जलकार्य) श्री सत्येन्द्र सिंह से प्राप्त की तथा श्री सुंदरानी ने अमृत मिशन योजना से जुड़े पीडीएमसी एवं एजेंसी के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ संयुक्त बैठक लेने के आवश्यक दिशा निर्देश श्री सत्येंद्र सिंह को दिया गया।

निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता एवं सह नोडल अधिकारी श्री सत्येंद्र सिंह के द्वारा अमृत मिशन योजना फेस–02 की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

श्री सिंह द्वारा बैठक में अमृत मिशन के कार्यों के देखरेख हेतु शासन द्वारा अधिकृत पीडीएमसी की टीम को अमृत मिशन के सांतवे पैकेज स्काडा, जीआईएस मैपिंग की टेंडर डाक्यूमेंट जल्द से जल्द तैयार करने के साथ 66 एमएलडी एवं 6 एमएलडी जलशोधन संयंत्र के निर्माण कार्य, मार्च 2019 तक सभी 10 नग उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य को पूर्ण करने कहा गया। जलकार्य विभाग के अधिकारियों को राईजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने हेतु अन्य विभाग की अनुमति हेतु शीघ्र कार्यवाही कर अनुमति प्राप्त, डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन बिछाने के कार्यों के साथ घरेलु नल कनेक्शन एवं वॉटर मीटर लगाने के कार्य प्रारम्भ करने हेतु सभी जोन से सूची प्राप्त करने के निर्देश एजेंसी को दिये।

जनसम्पर्क अधिकारी